बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

कार्यालय : होशंगाबाद रोड, भोपाल

क्रमांक 1341/परीक्षा/2016, भोपाल, दिनांक 15/11/16

संशोधित–अधिसूचना
(प्रथम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2016–17)

पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 1278/परीक्षा/2016 दिनांक 28.10.2016 में आंशिक संशोधन करते हुए, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2016–17 स्नातक स्तर यथा :–बी.ए/बी.काम./बी.एस.सी./बी.एस.सी.(होमसांइस)/बी.ए.मेनेजमेंट/बी.बी.ए./बी.सी.ए/बी.काम.आर्नस/पी.जी.डी.सी.ए/एलएल.बी. नियमित/स्वाध्यायी/ए.टी.के.टी. एवं स्नातकोत्तर यथाः–एम.ए/एम.काम/ एम.एस.सी/एम.एस.सी (होमसांइस) प्रथम सेमेस्टर नियमित/स्वाध्यायी/एटीकेटी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑन लाईन के माध्यम से भरे जाने की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं,यथा :–

01. सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	–	07/11/2016 से संशोधित तिथि 28/11/2016
02. महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि	–	30/11/2016
03. विलम्ब शुल्क रू. 300/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	–	29/11/2016 से 30/11/2016
04. महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि	–	02/12/2016
विशेष विलंब शुल्क रू.1000/– के साथ :–	–	01/12/2016 से 04/12/2016

ऑनलाईन हेतुः– विश्वविद्यालय की बेवसाइट (https://bubhopal.mponline.gov.in) पर **online services** पर क्लिक कर अपना परीक्षा आवेदन पत्र संपूर्ण जानकारी भर पूर्ण करें। **असुविधा होने की स्थिति में विभागाध्यक्ष/महाविद्यालय के प्राचार्य एम.पी.ऑनलाईन की हेल्पलाईन नं 0755–4019400 एवं 0755–2517078 (भोपाल से बाहर के लिए 0755) का उपयोग करें।**

नोट :–

01 आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.308/88/आउशि/शाखा–5अ/2016 दिनांक 10/05/2016 के परिपालन में कंडिका 26.1 में अंकित विषय समूह से संबंधित निर्देशों का पालन सुनिश्चित कर ही परीक्षा फार्म अग्रेषित करें।

02 आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.308/88/आउशि/शाखा–5अ/2016 दिनांक 10/05/2016 के परिपालन में कंडिका 06 समकक्ष परीक्षा की उपकंडिका 6.1 से 6.4 में वांछित प्रावधानों का अध्ययन करते हुए पात्रता/आर्हता प्रमाणपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

03 आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.308/88/आउशि/शाखा–5अ/2016 दिनांक 10/05/2016 के परिपालन में कंडिका 8.41 में अंकित विशेष परीक्षार्थी : राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता के कारण विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पूर्णतः अथवा आंशिक अनुपस्थित विद्यार्थियों को आगामी सत्र में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में (संबंधित सम/विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ) एटीकेटी विद्यार्थी के रूप में नहीं बल्कि विशेष परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

04 फेल अथवा नकल प्रकरण में फेल हुये छात्र परीक्षा फार्म न भरें।

शुल्क विवरणः–

01. स्वाध्यायी परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु परीक्षा फार्म सहित)	– 1480+100=1580/–
02. स्नातक/स्नातकोत्तर नियमित परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु को देय शुल्क)	– 1230+100=1330/–
03. समस्त विदेशी छात्र को देय शुल्क	– 2820+100=2920/–
04. एक विषय हेतु परीक्षा शुल्क	– 660+100=760/–
05. दो विषय हेतु परीक्षा शुल्क	– 825+100=925/–
06. पोटर्ल शुल्क	– 25/.

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ. क्रमांक 1342 परीक्षा / 2016 भोपाल, दिनांक 15/11/16

प्रतिलिपिः---

1— समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया जारी अधिसूचना को शिक्षण विभाग के नोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करें ।

2— उप–कुलसचिव (गोपनीय / परीक्षा) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

3— वित्त नियंत्रक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।

4— सहायक कुलसचिव, गोपनीय / परीक्षा / भण्डार की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

5— अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

6— कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ ।

7— अनुभाग अधिकारी परीक्षा / गोपनीय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

8— जनसम्पर्क अधिकारी / कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

9— संचालक, एम.पी.ऑनलाईन म.प्र. की ओर उचित व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया सुनिश्चित करें कि एम.पी.**ऑनलाईन की हेल्पलाईन नं 4019401,4019406 तथा 4019414** पर कोई भी छात्र जानकारी चाहें तो उसे समय सीमा में उपलब्ध करायें।

10— प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।

11— संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल